मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज-211004 [भारत]
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj-211004 [India]

सूचना

संस्थान में समान अवसर प्रकोष्ठ (ईओसी) का गठन सूचना संख्या 381/प्रशा–।। कार्या0/2021–22 दिनांक 22.06.2021 के तहत किया गया था। (प्रतिलिपि संलग्न)

समान अवसर प्रकोष्ठ (ईओसी) की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां निम्नानुसार होंगीः

(क) संस्थान में बड़े पैमाने पर समुदाय के लिए समानता और समान अवसर सुनिश्चित करना और सामाजिक समावेश लाना।

(ख) छात्रों, शिक्षक और गैर–शिक्षण कर्मचारियों के बीच विविधता बढ़ाना और साथ ही भेदभाव की धारणा को खत्म करना।

(ग) विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के बीच शैक्षणिक परिवेश और स्वस्थ पारस्परिक संबंधों के विकास के लिए सामाजिक रूप से अनुकूल माहौल बनाना।

(घ) सामाजिक बहिष्कार से जुड़ी समस्याओं के साथ–साथ हाशिए पर खड़े समुदायों की आकांक्षाओं के बारे में शैक्षणिक समुदाय को संवेदनशील बनाने का प्रयास करना।

(ङ) भेदभाव से संबंधित समस्याओं को रोकने के लिए समाज के वंचित वर्ग से जुड़े व्यक्तियों या छात्रों के समूह की सहायता करना।

(च) समाज के कमजोर वर्ग की शिकायतों को देखना और उनकी समस्याओं का सौहार्दपूर्ण समाधान सुझाना।

(छ) सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी के साथ–साथ अधिसूचना/ज्ञापन, सरकार के कार्यालय आदेश, या समय–समय पर जारी अन्य संबंधित एजेंसियों/संगठनों संबंधी जानकारी का प्रसार करना।

(ज) समाज के वंचित समूहों से संबंधित छात्रों के प्रवेश/पंजीकरण के लिए बाधा मुक्त औपचारिकताएं/प्रक्रियाएं तैयार करना।

(झ) वंचित समूहों के छात्रों को सहायता प्रदान करने के लिए शैक्षणिक और वित्तीय संसाधन जुटाने हेतु सरकार और अन्य एजेंसियों / संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करना।

(ञ) विभिन्न योजनाओं की प्रगति की निगरानी के लिए आवधिक बैठकें आयोजित करना।

(ट) प्रवेश तथा भर्ती (शिक्षण और गैर–शिक्षण पदों) में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना और उनके प्रदर्शन में सुधार करने के उपायों को अपनाना।

(ठ) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य वंचित समूहों की समस्याओं पर संस्थान को संवेदनशील बनाना।

यह सूचना सक्षम अधिकारी के अनुमोदनोपरान्त निर्गत की जाती है।

सर्वेश
01/07/2021

(सर्वेश कु0 तिवारी)
कुलसचिव

संख्या **458**/प्रशा–।। कार्या0/2021–22 दिनांकः जुलाई 01, 2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ अग्रेषितः–

1. निदेशक।
2. सभी प्रमुख/सभी अधिष्ठाता/पी.टी.पी./ कुलसचिव।
3. अध्यक्ष, छात्र गतिविधि केंद्र / मुख्य संरक्षक / मुख्य कुलानुशासक।
4. सभी संकाय प्रभारी/सभी सहयोगी संकाय प्रभारी/सभी अध्यक्ष/अध्यक्ष/सभी समन्वयक/सभी सहयोगी समन्वयक।
5. पुस्तकालयाध्यक्ष/चिकित्साधिकारी/कार्यपालक अभियंता (जानपद)/कार्यपालक अभियंता (विद्युत)।
6. सभी सहायक कुलसचिव।
7. संकाय प्रभारी, संगणक केंद्र/सहयोगी संकाय प्रभारी, संगणक केंद्र को संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित करने के लिए।
8. गार्ड फाइल।

सर्वेश
01/07/2021

(सर्वेश कु0 तिवारी)
कुलसचिव